सामंजस्य के अभाव में राजगढ़ के सराय बाजार प्रकरण का नहीं निकल पा रहा हल

सराय बाजार क्षेत्र में 86 आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ मंदिरों में तोड़फोड़ का मामला

- संघर्ष समिति का आमरण अनशन 8 वें दिन जारी
- नगर पालिका ने नाले की खुदाई कर मलबा हटाने का कार्य किया शुरू

राजगढ़, (निसं)। समन्वय एवं सामंजस्य के अभाव में राजगढ़ के सराय बाजार प्रकरण का करीब 38 दिन बाद भी सर्व सम्मत हल नहीं निकल पा रहा। राजगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से आमरण अनशन आठवें दिन भी जारी रहा। दूसरी ओर नगर पालिका की ओर से जेसीबी मशीन से पानी निकासी के लिए खुदाई कार्य शुरू कर मलबा हटाने का कार्य मंगलवार को जारी रहा।

राजगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को दिनेश प्रधान एवं ललित साहू आमरण अनशन पर रहे जिनके स्वास्थ्य की जांच डॉ रमेश मीणा ने की। संघर्ष समिति के संयोजक प्रकाश दीक्षित ने बताया कि बिना सहमति के नगर पालिका एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से सड़क के मध्य को बिंदु मानकर नाप की गई जिस पर समिति सहमत नहीं है। समिति की ओर से दोषी अधिकारियों के विरुद्ध न्यायिक जांच की मांग सहित 5 सूत्री मांगों के निराकरण नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। दीक्षित ने बताया कि जब तक नगर पालिका प्रशासन सड़क मार्ग पर अतिक्रमण को चिन्हित नहीं करेगा तब तक कोई मकान एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान का निर्माण नहीं करेगा। इधर नगर पालिका प्रशासन की ओर से मंगलवार प्रात: गोल मार्केट से तहसील परिसर तक नाली एवं नाला निर्माण के लिए का कार्य शुरू कर मलवा हटाने का कार्य दिनभर चलता रहा। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खुदाई एवं ट्रैक्टरों में मलवा हटाने के कार्य से 1 माह पुरानी यादें ताजा हो गई। इधर राजगढ़ कस्बे में सराय बाजार प्रकरण में तोड़फोड़ के बाद की कार्यवाही की प्रगति को लेकर कस्बे में भी जन चर्चाओं का आलम है। गौरतलब है कि बीड़ा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहिताश तोमर को जांच अधिकारी नियुक्त किए जाने के बाद समूचे प्रकरण की गहनता से जांच की गई। जांच के बाद कमेटी की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी गई। इसके पश्चात कार्रवाई नहीं होने के चलते राजगढ़ बचाओ संघर्ष समिति एवं व्यापार महासभा की ओर से रविवार रात्रि को आम सभा कर सोमवार को राजगढ़ बंद रखा गया।

सोमवार को बीड़ा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सौहार्द पूर्ण ढंग से मांगों पर वार्ता हुई। इसके बाद समिति प्रशासन एवं पालिका की ओर से अपनाई गई नाप की प्रक्रिया से संतुष्ट नजर नहीं आए। जागरूक लोगों ने प्रशासन एवं संघर्ष समिति से इस प्रकरण का सम्मानजनक हल निकालने की मांग की है।

नगर पालिका की ओर से जेसीबी मशीन से नाले की खुदाई कार्य शुरू कर मलबा हटाना शुरू किया।

संक्षिप्त

करंट से महिला की मौत

उनियारा। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के ककोड़ कस्बा में सोमवार बीती रात को आए तेज अंधड़ से 11 केवी विद्युत लाइन का तार टूट गया। जिसमें रातभर विधुत करंट दौड़ता रहा। मंगलवार अल सुबह खेत पर मवेशियों का दूध निकालने के लिए ककोड़ निवासी मथुरा देवी पत्नी किशनलाल पहुंची और जमीन पर पड़े विधुत तारों से करंट की चपेट में आ गई। जिसके चलते हुए उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करंट से मौत की सूचना पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं ग्रामीणों तथा परिजनों की सूचना पर बनेठा थानाधिकारी भंवरलाल मीणा, एएसआई सुरेश सिंह चौधरी, बालकिशन शर्मा, तथा ककोड़ चौकी प्रभारी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया।

स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

चौमूं/ कालाडेरा। वेदान्ता नन्द घर परियोजना, ममता संस्थान व भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को गांव चौप के हरियाणा ब्राह्मणों के मोहल्ले में आयुर्वेदिक मोबाइल जांच उपचार शिविर का आयोजन किया गया। मातृ शिशु स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लगने वाले शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत चौप के कनिष्ठ सहायक छुट्टन लाल शर्मा व अध्यक्ष रामलाल बुनकर ने बताया कि आयुर्वेद दवाई विश्व प्रसिद्ध है इनका शरीर पर कोई नुकसान नहीं होता व पूर्ण उपचार होता है। शिविर में सभी 62 मरीजों को आयुर्वेदिक किट का वितरण किया गया।

बाल श्रमिक को मुक्त कराया

दौसा, (निसं)। मानव तस्करी विरोधी इकाई, जन कला साहित्य मंच संस्था, बचपन बचाओ आंदोलन, कैलाश सत्यार्थी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में एक्सिस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन अभियान के तहत सिकराय उपखण्ड के गढ क्षेत्र में बाल श्रम के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये बाल श्रमिक को मुक्त कराया। श्रम कल्याण अधिकारी गजराज सिंह राठौड ने बताया कि इसका उद्देश्य दौसा जिले को बाल श्रम,शोषण मुक्त एवं बाल मित्र जिला बनाना हैं। इस कार्यावाही में एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया एवं मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

महायज्ञ अपरिहार्य कारणों से स्थगित

श्रीमाधोपुर। सीकर जिले के खंडेला उपखण्ड में खंडेला - गुरारा रोड़ पर स्थित काठिया बाबा तपोवन आश्रम की श्री महामाया गौमाता गौशाला परिसर में 1जून से 10जून तक अनन्त श्री विभूषित जगतगुरु निंबार्काचार्य श्री जी महाराज ,श्री श्यामा शरण देवाचार्य जी के संरक्षण एवम् नागापीठाधीश्वर श्री विश्वरूप दास जी महाराज के निर्देशन में होने वाला 108 कुंडात्मक श्री राधा सर्वेश्वर महायज्ञ आगामी तिथि की घोषणा तक आयोजन समिति एवम शासकीय संयुक्त निर्णय के बाद स्थगित कर दिया गया है।आश्रम के राधारमण दास महाराज व अभय दास महाराज ने बताया कि विद्वानों से नवीन मुहूर्त निकलवाने के पश्चात तिथि घोषित कर दी जाएगी।

पुलिसकर्मियों को सिखाये योग के गुर

पावटा। प्रागपुरा थाने पर मंगलवार को निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रागपुरा थाना अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को योग गुरु पूरणमल यादव द्वारा योग के गुर बताए गए। योग गुरु पूरणमल ने पुलिसकर्मियों को भस्त्रिका प्राणायाम कराया। कहा कि यह प्राणायाम नियमित करने से हृदय, फेफडे एवं मस्तिष्क संबंधी रोग दूर हो जाते हैं। मोटापा, मधुमेह, कोलेस्ट्राल, सांस रोग, माइग्रेन, रक्तचाप, किडनी के जैसे असाध्य रोग भी दूर होते हैं। मंडूकासन, शशकासन, पवनमुक्तासन का प्रशिक्षण देकर उसके लाभों व सावधानी के बारे में बताया। प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह यादव ने कहा कि योगाभ्यास दिनचर्या में शामिल होना चाहिए।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

फॉलोअप कैंप आज

श्रीमाधोपुर ग्राम पंचायत महरौली, सीमारला जागीर व अरनिया का प्रशासन गांवों के संग अभियान का फॉलोअप शिविर 25 मई बुधवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र महरौली में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में पूर्व में आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान में प्राप्त शिकायतों की बकाया रहे प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा।

खोया पाया

मेरे मकान नं. 5/349, एसएफएस, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-302020 का Allotment Letter, Possession Letter, Hending Over Possession Letter and NOC, No Dues Letter कहीं खो गये है। मिलने पर संपर्क करें। मो.9784633119

मेरी दुकान संख्या 38, द्वारकापुरी चक गैटोर सांगानेर की मूल पावर ऑफ अटोर्नी दिनांक 13.11.07 जो कि कि श्री रवि के. लुल्ला से श्री दिलीप कुमार खत्री के पक्ष में हुई है, सीतापुरा जयपुर में कहीं गिर गई है। मिलने पर सूचित करें। श्रीमती संतोष मीना मो. 9530261100

NAME CHANGE

I, Mukesh Kumar Yadav S/o Hira Lal Yadav R/o Ward No.-24, Dhani Nimarali, Nindola, Jaipur, Rajasthan-303803, have changed my minor daughter's name from Pari Yadav Aged 7 Years to Pranshi Yadav forever.

हरमाडा अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति लि.
क्रमांकः Special-1 सार्वजनिक नोटिस दिनांकः 20.05.2022
हरमाडा अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति लि., हरमाडा, जयपुर की प्रबंधकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के चुनाव हेतु प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 20.05.2022 को कर दिया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम समिति के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी सदस्य को प्रस्तावित मतदाता सूची पर कोई आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति मय ठोस सबूत के साथ समिति कार्यालय में दिनांक 25.05.2022 को दोपहर 01.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। (विकास), निर्वाचन अधिकारी, हरमाडा अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति लि., हरमाडा, जयपुर

कार्यालय नगर पालिका, रींगस (राज.)
क्रमांक-न.पा.री/2022-23/804 दिनांक- 23.05.2022
आपत्ती आमंत्रण सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भगवान सहाय पुत्र श्री हनुमान सहाय निवासी बाईपास रोड रींगस द्वारा राजस्व ग्राम रींगस की भूमि खसरा संख्या 721/1 में 244.44 वर्गगज के नियमन हेतु आवेदन किया गया था। जिस संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि दस्तावेजों के मुताबिक मूल खातेदार श्रीमती स्नेहलता पोद्दार के आम मुख्त्यार श्री मातादीन झुन्झुनुवाला से श्री नरेश कुमार पुत्र श्री पूरण प्रकाश पंजाबी ने क्रय की तथा श्री पंजाबी से श्री संजय मीणा पुत्र श्री रामोतार सिंह ने क्रय कि। श्री संजय कुमार मीणा से श्री पवन अग्रवाल एवं श्री पवन अग्रवाल से श्री भगवान सहाय पुत्र श्री हनुमान सहाय ने क्रय की। उपरोक्त इकरारनामें में से प्रथम एवं द्वितीय इकरारनामा आवेदक के पास उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में आवेदक द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि इकरारनामें के अभाव में आवेदन का नियमन पालिका द्वारा किया जाता है एवं यदि भविष्य में उक्त इकरारनामा का उपयोग अन्यत्र होता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी। अतः यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर-भीतर कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि 07 दिवस पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा कार्यालय द्वारा आवेदकों के आवेदन अनुसार प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर प्रकरण का निस्तारण किया जावेगा। (सीताराम कुमावत) अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रींगस

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 9/21
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी (1) श्रीमती सुनीता सत्तावन पत्नि स्व. हितेन्द्र सिंह महर (2) कुमारी जानवी महर पुत्री स्व. हितेन्द्र महर जरिये संरक्षक, माता सुनीता सत्तावन विवाद स्थान प्लाट नं. ए-401, मालवीय नगर, जयपुर (राज.)।
मृतक हितेन्द्र सिंह महर सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 20.08.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम हितेन्द्र सिंह महर पुत्र सोहन लाल मीणा निवासी प्लाट नं. ए-401, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 08 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 21 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम सं. 10, जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय, सांगानेर

277 दिव्यांगों का पंजीकरण

नारायणपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को उपखंड अधिकारी सुनीता मीणा की अध्यक्षता में सक्षम अलवर अभियान अन्तर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना शिविर आयोजित हुआ। शिविर में योजनाओं का लाभ लेने हेतु सुबह से ही विद्यालय प्रांगण में भारी संख्या में लाभार्थियों की भीड़ देखने को मिली। एसडीएम मीणा ने बताया कि आयोजित शिविर में 277 लोग पंजीकृत हुए, जिनमें 55 नवपंजीकृत दिव्यांगजनों को मौके पर ही प्रमाण-पत्र जारी किये गये और 82 दिव्यांगजन रैफर किये गए। एडिप योजनान्तर्गत 122 दिव्यांगजनों का सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण किया गया। जिनमें से 18 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग के लिए चिन्हित किया गया। वयोश्री योजना में 02 वरिष्ठजनों को लाभान्वित किया गया। सामाजिक सुरक्षा योजना अन्तर्गत पालनहार योजना से 23 लोगों के नवीन आवेदन प्राप्त किये साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 56 नवीन पेंशन आवेदन प्राप्त हुए। 75 रोडवेज पास जारी किये गए। शिविर का निरीक्षण करने आये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक रविकांत ने शिविर की प्रगति पर उपखण्ड प्रशासन का आभार जताया। इस मौके तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर, नायब तहसीलदार वीपी सिंह नरुका, अधीक्षक संसार सागर, सुनील शर्मा, सहित ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी एवं अन्य विभागों के कार्मिक मौजूद रहे।

नारायणपुर में सक्षम अलवर अभियान अन्तर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना शिविर आयोजित हुआ।

विद्युतकारेश्वर बालाजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की

श्रीमाधोपुर। कस्बे के बिजली निगम के सहायक अभियंता कार्यालय परिसर में श्री विद्युतकारेश्वर बालाजी मंदिर जीर्णोद्धार के बाद आज मंगलवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा रैवासा के पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। सहायक अभियंता पीएम वर्मा ने बताया कि सुबह पूजा अर्चना के बाद हवन इत्यादि कार्यक्रम हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले राघवाचार्य महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि हनुमान जी अपने भक्तों पर कृपा करते हैं और उनके सारे कष्ट संकटमोचन हर लेते हैं। इस मौके पर एक्सईएन हंसराज मीणा, समाजसेवी डॉ. माधव सिंह आदि मौजूद थे।

बरसात से अंडरपास में भरा पानी



श्रीमाधोपुर में बरसात रेलवे द्वारा बनाए गए अंडर पास में पानी भर गया।

श्रीमाधोपुर। कस्बे में सोमवार रात को इस सीजन की पहली बरसात ने ही प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। रेल्वे द्वारा बनाए गए अंडर पास पानी में पानी भर गया वहीं आम रातों में पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया। बारिश से बोरावाली ढाणी स्थित अंडरपास में पानी भरने से यातायात बाधित हो गया वहीं ढाणी जयराम का वाली, पृथ्वीपुरा, होळयाकाबास, सिहोड़ी, त्रिलोकपुरा की ओर जाने वाले रास्ते पर बने अंडर पास से बाहर निकलते ही रास्ते में गहरे गड्ढे होने से पानी भर गया जिससे लोगों का आना जाना भी दूबर हो गया। आसपास के लोगों ने अंडर पास में भरने वाले पानी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। वही देर रात आए अंधड़ से कहीं बिजली का पोल व पेड़ भी धराशाई हो गए।

9 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा

अलवर। प्रबोधक संघ राजस्थान का शिष्टमंडल अलवर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम अखिलेश कुमार पीपल से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में प्रदेश महामंत्री संजय कौशिक के नेतृत्व में मिला और संघ का 9 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार और शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला के नाम सौंपा।

प्रबोधक संघ के जिला प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा स्वीकृत 5000 वरिष्ठ प्रबोधको के पदों पर तत्काल पदोन्नति करने, पदोन्नति वर्ष 2017-18 माना जावे, वरिष्ठ प्रबोधक के पश्चात लेक्चरर, वाईस प्रिंसिपल ,प्रिंसिपल, डी.ई.ओ. एवं संयुक्त निदेशक तक के पदो की पदोन्नति का प्रावधान प्रबोधक सेवा नियम में किया जावे।नवनियुक्त मिडिल स्कूल हेडमास्टरों को सेकंडरी सेटअप में भेजकर वरिष्ठ प्रबोधकों के लिये पद रिक्त किया जावे,मिडिल स्कूल हेडमास्टर पद को विषय की बाध्यता से मुक्त करने, छटे वेतन आयोग की विसंगतियो को दूर करते हुए इसे 1-1-2006 से ही लागू करने, दिनाँक 1जुलाई-2013 तक मिली सभी वेतन वृद्धियों को 12900 मूल वेतन पर जोडते हुए रिफिकशेसन किया जावे। शिक्षा विभाग के कस्तूरबा गांधी होस्टल्स, विवेकानन्द मॉडल स्कूल, मेवात बालिक आवासीय विद्यालयो, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों आदि की प्रतिनियुक्तियों में भी प्रबोधकों को समान अवसर प्रदान किया जावे। पंचायती राज अध्यापकों की भांति प्रबोधक केडर की भी 6-डी करने और प्रबोधकों द्वारा शिक्षाकर्मी, लोक जुम्बिश, पैराटीचर्स, शिक्षासहयोगी ,मदरसा पैराटीचर्स के पदो पर की गई अनुबंध आधारित सेवाओं को प्रबोधक सेवा में जोडा जावे।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लालसोट। उपखंड मुख्यालय के नगर मोहल्ले के रहने वाली एक पीजी की तैयारी कर रही छात्रा युवती सोना वर्मा द्वारा बीती रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला को समाप्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोना वर्मा 25 पुत्री राजेंद्र कुमार वर्मा लालसोट निवासी रेगर मोहल्ला लालसोट वार्ड नंबर 29 युवती पीजी की तैयारी कर रही थी। युवती रोज की तरह कोचिंग के लिए निकली थी व कोचिंग के बाद खुद के कमरे में आकर आत्महत्या कर ली। युवती द्वारा आत्महत्या करने से पहले कमरे के अंदर की कुंदी लगा ली गई थी। जहां मृतका युवती की मां को खिड़की में से खुद की पुत्री को फंदे से लटकते देखने के बाद शोर-शराबा किया गया एवं पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को उतारा गया एवं मोर्चरी में रखवाया गया।

हत्या के आरोप में मामा व भांजा गिरफ्तार

दौसा। दौसा जिला पुलिस ने गत दिनों सलेमपुर थाना क्षेत्र के पावटा में हुई एक युवक की हत्या के आरोप में मामा व भांजा का गिरफ्तार किया है।

इधर पुलिस आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश करेगी। पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता ने प्रेसवार्ता में बताया कि दौसा जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के पावटा गांव में युवक गोविन्द गुर्जर की हत्या के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक गोविंद गुर्जर का गांव की ही एक महिला से पिछले काफी दिनों से अफेयर चल रहा था। जिसका महिला के परिजनों को पता चलने पर उन्हें यह बात नागवार गुजरी और उन्होंने युवक की पीट-पीटकर एवं गला दबाकर हत्या कर दी बाद में उसे गांव के ही सूने खण्डर में फेंक कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि 12 मई को युवक के मर्डर की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौका मुआयना करते हुए घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएद्ध वहीं एफएसएलए एमओबी व साइबर सेल की टीम ने तकनीकी संसाधनों की मदद से सूचनाएं जुटाई।

जिसमें सामने आया कि वारदात की रात को मृतक गोविंद, हत्या के एक आरोपी तुलसीराम की छोटे भाई की पत्नी से मिलने आया था। जहां पहले से ही घात लगाकर बैठे दोनों आरोपियों ने मृतक युवक के साथ पहले बेरहमी से मारपीट की, बाद में गला घोटकर उसकी हत्या कर शव को गांव के ही एक खंडहर मकान में डाल दिया। उन्होने बताया कि हत्या के मामले में पावटा गांव की पीलवाल पट्टी निवासी तुलसीराम गुर्जर व उसके भांजे लवकुश गुर्जर निवासी ढंड का पुरा कैमरी, करौली को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सलेमपुर थाना प्रभारी बाबूलाल, कांस्टेबल बड्डन, धीरज सिंह, रविंद्र, कौशलेंद्र व साइबर सेल के अजय सिंह की टीम को सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि सलेमपुर पुलिस थाने में 12 मई को प्रकरण दर्ज कराया था।

खोरा बीसल गृह निर्माण सहकारी समिति लि. खोरा बीसल, जयपुर
क्रमांकः Special-1 सार्वजनिक नोटिस दिनांकः 20.05.2022
खोरा बीसल गृह निर्माण सहकारी समिति लि. खोरा बीसल, जयपुर की प्रबंधकारिणी के एक सदस्य एवं पदाधिकारी (अध्यक्ष) के चुनाव हेतु प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 20.05.2022 को कर दिया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम समिति के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी सदस्य को प्रस्तावित मतदाता सूची पर कोई आक्षेप हो तो वह अपनी आपत्ति मय ठोस सबूत के साथ समिति कार्यालय में दिनांक 25.05.2022 को दोपहर 01.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। (प्रदीप कागट), निर्वाचन अधिकारी, खोरा बीसल गृह निर्माण सहकारी समिति लि. खोरा बीसल, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाबू लाल चौधरी पुत्र श्री गोरूराम चौधरी निवासी ग्राम नृसिंहपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर का हूँ तथा दिनांक 20.04.2022 को मुझ प्रार्थी के निम्न दस्तावेजात जिनमें मेरे नाम से 500 रूपये का स्टाम्प, 2 ब्लेंक चैक हस्ताक्षरयुक्त जो कि इलाहाबाद बैंक मुण्डियारामसर एवं 2 चैक ए.यू. बैंक बाबा मार्केट बगरू एवं मेरे स्वामित्व का प्लाट नम्बर ए-9, का असल पट्टा घर या दुकान से कहीं गुम हो गये उक्त दस्तावेजात जिस किसी व्यक्ति को मिल जाये तो मो.नं. 9829747327, 9983555515 पर सूचित कर मुझको लौटा देवें। (नेमीचन्द जलवानिया) दिनांक-24.05.2022 एडवोकेट, मो. 9782292750

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य राजेश कुमार जांगिड़ पुत्र श्री हनुमान सहाय जांगिड़, निवासी कारवा हरिरामपुरा, तहसील माधोराजपुरा, जिला जयपुर का पुत्र अंकित जांगिड़ व रेणु जांगिड़ (राधिका) पत्नी अंकित जांगिड़ मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य का मान सम्मान नहीं करते ना ही साथ रहते है तथा मेरे अभिभाष्य से अलग निवास करते है। इसलिए अब मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र अंकित जांगिड़ व पुत्रवधू रेणु जांगिड़ (राधिका) से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य के पुत्र अंकित जांगिड़ व पुत्रवधू रेणु जांगिड़ (राधिका) से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो उसके प्रति मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा उस संव्यवहार के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। जयपुर (अनवर खान) एडवोकेट दिनांक- 24.05.2022 मो. 9829185600

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण हनुमान प्रसाद पुत्र चन्दाराम एवं श्रीमती सरोज देवी पत्नी हनुमान प्रसाद निवासीयान- बी-168, विद्युत नगर, क्वीन्स रोड, जयपुर का पुत्र प्रमोद कुमार एवं पुत्रवधू मेघा परिवार विरोधी गतिविधियों में शामिल है तथा यह परिवार से अलग निवासरत है, मेरे अभिभाष्यगण से बदतमीजी, झगड़ा कर परेशान करते है, कहा नहीं मानते है एवं मेरे अभिभाष्यगण की पुत्रवधू आये दिन शराब पीकर परेशान करती है, इसलिए मेरे अभिभाष्यगण अपनी उपरोक्त पते पर स्थित अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व हक अधिकारों से बेदखल करते है, उनका भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण से कोई लेना देना नहीं है। यदि कोई व्यक्ति, संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। अतः सूचित रहें। जयपुर (रामवतार शर्मा) एडवोकेट दिनांक-24.05.2022 मो.नं. 9983878744

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय -उ0प्र0 माइक्रो एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज फैसिलीटेशन काउन्सिल, मेरठ जोन मेरठ, उ0प्र0
कार्यालय अतिरिक्तआयुक्त, जिला उद्योग केन्द्र, सूरजकुण्ड रोड, मेरठ उ0प्र0।
वाद स0-125 (2017)
ए आर बी 08/2022 (क्लेम पिटीशन)
मै0 निप्पन ट्यूब्स लिमिटेड, कारपोरेट कार्यालय सी-49, प्रथम मंजिल आर0डी0सी0, राजनगर, गाजियाबाद, उ0प्र0
वादी
बनाम
मै. 3 आर इन्जिनियरिंग कॉरपोरेशन, रूम न0-223, नॉर्थ एवेन्यू, ए आर जी टावर, रोड न.-9, वी.के.आई., जयपुर, राजस्थान
निवासी- श्री राजेश टेबरीवाल, डी-401, रोजबुड अपार्टमेंन्ट, सिरसी रोड, जयपुर, राजस्थान।
प्रतिवादी चूंकि उपरी नामांकित कम्पनी मै0 निप्पन ट्यूब्स लिमिटेड, राजनगर, गाजियाबाद, उ0प्र0 ने इस न्यायालय में आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद (क्लेम पिटीशन) योजित किया है आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि उपरोक्त वाद (क्लेम पिटीशन) के सम्बन्ध में 15 दिन के अन्दर उपरोक्त न्यायालय के समक्ष स्वयं उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन (क्लेम पिटीशन) एक पक्षीय में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मुहर
आदेशाअनुसार न्यायालयः- उ0प्र0 माइक्रो एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज फैसिलिटेशन काउन्सिल, मेरठ जोन मेरठ, उ0प्र0

जिला कलेक्टर ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा उपखंड मुख्यालय रामगढ़ पचवारा के सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

रामगढ़ पचवारा थाना, पंचायत समिति, सीएचसी व उपखंड कार्यालय आदि में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान व्यवस्थाओं को सुधारने पर कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं रामगढ़ पचवारा सीएचसी के लिए बन रहे नवीन भवन का भी जायजा लिया। इस दोरान जिला कलक्टर ने रामगढ़ पचवारा थाने में पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया एवं थाने की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने माल खाना रूम व पुलिस हथियारों का जायजा लेकर थाना प्रभारी से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार रखें थाने पर आने वाले परिवादी की तसल्ली के साथ जन सुनवाई कर उस को राहत देने का कार्य करें एवं आमजन में विश्वास हुआ अपराधियों में भय कायम करने का कार्य करें। वहीं जिला कलेक्टर ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से बिक रही शराब को लेकर शिकायत करने पर जिला कलेक्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला ब्लॉक अध्यक्ष पिंकी कामदार ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया। वही जिला कलेक्टर ने कहा प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कई सालों से लगातार लोगों से स्वच्छता को लेकर अपील करते आ रहें हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि अगर आमजन सफाई के प्रति जागरूक होकर जन सहयोग से ही ग्राम पंचायत लेवल पर बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान एसडीएम मोहर सिंह मीणा, थाना प्रभारी दिनेश मीणा, तहसीलदार अमितेश मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने रामगढ़ पचवारा के सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिये।

प्रधान को धमकी देकर 25 लाख की मांग करने वाला गिरफ्तार

बौंली। पंचायत समिति बौंली के प्रधान कृष्ण पोसवाल व उनके बड़े भाई सीताराम पोसवाल को तहस-नहस करने की धमकी देकर 25लाख की मांग करने वाले आरोपी को बौंली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बौंली थाना प्रभारी श्रीकिशन मीणा ने बताया कि पंचायत समिति प्रधान कृष्ण पोसवाल ने एक परिवाद पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के समक्ष पेश कर अवगत कराया था कि अभिनव उर्फ राजू पंडित जाति ब्राह्मण निवासी लोरवाडा सवाई माधोपुर ने मोबाइल पर मुझे व मेरे बड़े भाई सीताराम पोसवाल को तहस-नहस करने की धमकी देकर 25लाख रुपए की मांग की। इस पर बौंली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अभिनव उर्फ राजू पंडित निवासी लोरवाडा को जेल से गिरफ्तार कर 1 दिन के रिमांड पर लिया।

VACANCIES : ARMY PRE PRIMARY SCHOOL, NIWARU

1. Army Pre Primary School, Niwaru, Jaipur invites applications for post of teachers and administrative staff on contractual basis.

Ser No	Vacancies for	No. of Vacancy	Age limit	Qualification
1	Nursery Teacher	01	Minimum age 25 Yrs	(a) Graduate with NTT/B.Ed. (b) Basic Knowledge of computer. (c) Preferable one year teaching experience
2	LKG Teacher	01		
3	UKG Teacher	01		
4	Ayah	01		(a) Minimum 5th Class passed. (b) Minimum one year experience of job

2. Last date of submission of application is 08 Jun 2022 at APPS, Niwaru alongwith photocopy of above mentioned documents.
3. For query contact No. 0141-2982268
4. e-mail id-appsniwaru45ib@gmail.com